Office/
[signature] 14/10/2024
P-1

पीएम इंटर्नशिप योजना भारत सरकार की एक नई पहल और पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत जोड़ी गई योजना है जिसका उद्देश्य देश में युवा बेरोजगारी दर को कम करना एवं युवाओं को व्यावसायिक कौशल व अनुभव प्रदान करके रोजगार के लिए सक्षम बनाना है।

वित्त वर्ष 2024-25 के बजट पेशकश के दौरान निर्मला सीतारमण जी द्वारा इस योजना की घोषणा की गई थी अब योजना का संचालन कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा एक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा।

PM Internship Scheme Details

हाल ही में केंद्र की मोदी सरकार की ओर से पीएम इंटर्नशिप योजना 2024 की शुरुआत की गई है इस योजना के तहत सरकार बेरोजगार युवाओं को कौशल विकास के लिए प्रशिक्षित करेगी ताकि युवा रोजगार पाने में सक्षम और आत्मनिर्भर बन सकें।

इंटर्नशिप के दौरान उन्हें हर महीने ₹5000 का स्टाइपेंड भी दिया जाएगा जबकि इंटर्नशिप के शुरुआत में एकमुश्त ₹6000 की वित्तीय सहायता भी दी जाएगी। जिसमें से 4500 रुपए केंद्र सरकार द्वारा और ₹500 कंपनी के सीएसआर फंड की ओर से दिया जाएगा। इसके अलावा योग्य एवं कुशल युवाओं को प्लेसमेंट का भी अवसर दिया जाएगा।

योजना के अन्य महत्वपूर्ण बिंदु

इस योजना का लक्ष्य अगले 5 सालों में देश के 1 करोड़ बेरोजगार युवाओं को कौशल विकास के लिए प्रशिक्षित करना है।

योजना के अंतर्गत टॉप 500 कंपनियों को शामिल किया गया है जिसमें चयनित युवाओं को काम करने का अवसर मिलेगा।

इसके लिए आवेदन 12 अक्टूबर 2024 से शुरू होंगे और 2 दिसंबर 2024 से इंटर्नशिप की शुरुआत होगी जो 1 वर्ष तक चलेगी।

पात्रता

योजना में आवेदन करने वाले आवेदक की आयु 21 वर्ष से 24 वर्ष होनी चाहिए। उम्मीदवार के परिवार का कोई भी सदस्य सरकारी नौकरी में कार्यरत नहीं होना चाहिए।

पारिवारिक सालाना आय 8 लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। उम्मीदवार युवा पूर्णकालिक रोजगार में नहीं होना चाहिए।

Mahila Mahavidyalaya
R. N 231
Dt. 14/10/24
Nagar (C.G.)

आईआईटी,आईआईएम, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों से डिग्री प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी इस योजना में आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे।

इसके अलावा जिनके पास CA, CMA, MBBS जैसी प्रोफेशनल डिग्री होगी वे भी इस योजना में आवेदन नहीं कर सकते।

PM Internship Scheme Online Registration

इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट https://pminternship.mca.gov.in/login/ पर जाकर मोबाइल नंबर और आधार कार्ड की सहायता से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे। वहीं अंतिम आवेदन 25 अक्टूबर तक स्वीकार जाएंगे।

27 अक्टूबर से 7 नवंबर के दौरान योग्य कैंडिडेट्स को शॉर्ट लिस्ट किया जाएगा इसके बाद इंटर्नशिप के लिए सिलेक्ट किए गए कैंडिडेट्स को 8 नवंबर से 15 नवंबर तक इंटर्नशिप में शामिल किया जाएगा और फिर 2 दिसंबर से इंटर्नशिप के कार्यान्वयन की शुरुआत होगी।

प्रतिलिपि:- (1) व्हाट्स एप ग्रुप - समस्त कक्षाएं। (छात्राओं एवं प्राध्यापक)

(2) सूचना पटल।

(3) महाविद्यालयीन वेब-साइट।

(4) रिकार्ड्स